आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

हाथरस भगदड़ हादसे में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सत्संग आयोजन समिति के छः लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मुख्य आरोपी मधुकर पर एक लाख रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। इस मामले में अलीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा–एक सौ पांच, एक सौ दस, एक सौ छब्बीस, दो सौ तेइस और दो सौ अड़तीस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मृतकों की संख्या एक सौ इक्कीस है और सभी शवों की पहचान के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कल हाथरस का दौरा करने के बाद मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के बाद कल रात इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अवकाशप्राप्त न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दिया गया है।

****

प्रदेश सरकार नगर निगम वाले सभी महानगरों में मलिन बस्तियों का कायाकल्प करेगी। हर नगर निगम में एक–एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर बहुमंजिला भवन बनाए जाएंगे। राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में इसे लेकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मलिन बस्तियों के पुनरोद्धार के लिए नियोजित प्रयास किया जाना अपेक्षित है। प्रत्येक नगर निगम में एक–एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार करें। इस आवासीय परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क जैसे बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। श्री योगी ने कहा कि यहां जो बाजार विकसित करें उसको इसी मलिन बस्ती के परिवार को आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस प्रकार चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में मलिन बस्तियों का पुनरोद्धार हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इसे सुनिश्चित करना ही होगा कि वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों, सड़क के किनारे नहीं। उन्होंने पटरी कारोबारियों को एक जगह नियोजित करने और अवैध टैक्सी स्टैंडों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के प्रयास के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। अपराध नियंत्रण में यह उपयोगी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को और विस्तार दिए जाने की आवश्यकता है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचेंगे। वह कल हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान में कैंसर सिंकाई की एक अत्याधुनिक मशीन का लोकार्पण करेंगे। अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री छः जुलाई को गोरखपुर शहर क्षेत्र में बांध, ओवर ब्रिज और सिक्स लेन मार्ग का निरीक्षण करने के बाद सहजनवां में नव–निर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक और जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का उद्‌घाटन करेंगे। इस सर्वोदय बालिका विद्यालय में बालिकाओं को मुफ्त आवासीय व्यवस्था के साथ माध्यमिक स्तर की निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।

****

नीति आयोग के आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ हुआ। आकांक्षी विकास खण्डों में नीति आयोग की तरफ से तय छह बिंदुओं पर तीन महीने के अंदर शत प्रतिशत कार्य किए जाएंगे। अंबेडकर नगर जिले में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने किया। जौनपुर जिले के मछलीशहर और रामपुर विकास खण्ड में भी आज सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत हुई। कुशीनगर जिले के विकासखण्ड विशुनपुरा में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी और नीति आयोग के शोधार्थियों ने पंचायतों में भ्रमण कर अभियान के उद्देश्यों से आमजन को अवगत कराया। प्रदेश के अन्य कई जिलों में भी आज से सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ होने के समाचार हैं। सम्पूर्णता अभियान के कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य, शिक्षा सहित कई विभागों के स्टॉल भी लगाये गये। देवरिया के मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिले के आकांक्षी विकास खण्ड गौरी बाजार में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ कल किया जाएगा।

****

राज्य सरकार द्वारा किसान श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए चलाई जा रही मुफ्त विद्युत योजना की पंजीकरण की अंतिम तिथि पन्द्रह जुलाई तक बढ़ा दी गयी है। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि योजना में शामिल होने के लिए नलकूप उपभोक्ता पन्द्रह जुलाई तक पंजीकरण करा कर लाभ ले सकते हैं।

****